# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023






Copyright @ 2023-24 Hariboomi Ltd., All Rights Reserved

*हरिभूमि न्यूज: रायपुर। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार में 9 विधायक मंत्री बन रहे हैं। इन मंत्रियों में कौन कितना पढ़ा है, कौन कब से राजनीति में सक्रिय है। कौन पहली बार विधायक बना है और कौन सबसे ज्यादा बार विधायक बने हैं, मंत्रियों के बारे में यह जानकारी रोचक है। आइये जानें अपने मंत्रियों के बारे में ....*

# कौन कब से राजनीति में, कौन बना पहली बार विधायक, जानिए मंत्री बन रहे अपने नेताओं को

## रामविचार नेताम

बलरामपुर जिले के रामानुजगंज विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अजय तिर्की को 29663 वोट से चुनाव हराकर विधायक बने हैं।

**जन्म:** अविभाजित सरगुजा जिले के बलरामपुर ब्लॉक के सनावल ग्राम में एक मार्च 1962 को हुआ।

**शिक्षा:** अंबिकापुर पीजी कॉलेज से स्नातक तक की शिक्षा ग्रहण की है। इस दौरान वे छात्र राजनीति में सक्रिय थे।



**अन्य:** पढ़ाई खत्म होने के बाद वे सनावल आकर स्कूल में शिक्षक की नौकरी करने लगे। वर्ष 1990 में उन्होंने पाल विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा की टिकट से विधायक निर्वाचित हुए। पाल विधानसभा अनुसूचित जाति जनजाति के लिए रिजर्व सीट है। रामविचार नेताम 1993 में दूसरी, 1998 में तीसरी, 2003 में चौथी व 2008 में पांचवी बार विधायक निर्वाचित हुए। 2001 से 2003 तक के रामविचार नेताम अविभाजित सरगुजा जिले के जिला भाजपा अध्यक्ष बने। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति के अध्यक्ष रहे। भाजपा की सरकार में वे राजस्व, आदिम जाति कल्याण, गृह व जेल, उच्च शिक्षा,जल संसाधन मंत्री रहें। रामविचार नेताम भाजपा के राष्ट्रीय सचिव रहने के साथ झारखंड राज्य के सह प्रभारी व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी का भी दायित्व सम्हाला। 2013 में उन्हें कांग्रेस के प्रत्याशी बृहस्पति सिंह ने चुनाव हराया। जिसके बाद वे 2018 के चुनाव में भी विधायक नही बन सके। भाजपा ने उन्हे विधानसभा चुनाव हारने के बाद 2015 में राज्यसभा सांसद बनाया।

## बृजमोहन अग्रवाल

बृजमोहन अग्रवाल प्रदेश में सबसे ज्यादा मतों से चुनाव जीते हैं। वे आठवीं बार विधायक बने हैं। 1959 में जन्में श्री अग्रवाल ने कॉमर्स व आर्ट्स दोनों विषय से पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। उन्होंने ने एलएलबी की भी डिग्री ली है। 1990 में पहली बार विधायक बने थे। श्री



अग्रवाल ने भाजपा की छात्र इकाई एबीवीपी से अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत की। वे कॉलेज के छात्र संघ अध्यक्ष व भारतीय जनता युवा मोर्चा अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे हैं। अविभाजित मध्य प्रदेश में राज्य मंत्री रहने के अलावा छत्तीसगढ़ की सरकार में तीन बार कैबिनेट मंत्री रहे हैं। भाजपा विधायक दल के सदन में मुख्य सचेतक भी रहे हैं। राजिम में राजिम कुंभ करवा कर उन्होंने राजिम कुंभ को राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि दिलवाई है। लगातार 8 बार चुनाव जीतने वाले प्रदेश के पहले विधायक हैं।

## श्याम बिहारी जायसवाल

मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले की मनेंद्रगढ़ विधानसभा से श्याम बिहारी जायसवाल विधायक निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी रमेश सिंह को 11880 वोटों के अंतर से चुनाव हराया हैं। श्याम बिहारी जायसवाल के पिता का नाम स्व. सूरजदीन जायसवाल हैं।

**जन्म:** 1 अक्टूबर 1976 को रतनपुर जिला कोरिया में हुआ था। उनका विवाह 26 अप्रैल 1998 को कांति जायसवाल के साथ हुआ था। उनके दो पुत्र व एक पुत्री हैं।



**शिक्षा:** एमएससी रसायन शास्त्र विषय से कर पोस्ट ग्रेजुएशन तक की शिक्षा हासिल की है। पेशे से उनका व्यवसाय राईस मिलर हैं।

**अन्य:** 2010 से 2013 तक उपाध्यक्ष जनपद पंचायत व सदस्य जिला पंचायत रहें। 2013 में पहली बार मनेंद्रगढ़ विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी गुलाब सिंह को चुनाव हराया था। उन्हें 32613 वोट मिले थे। जबकि गुलाब सिंह को 28435 वोट मिले थे। 2014-15 में वे सभापति पटल पर रखे गए पत्रों का परीक्षण करने संबंधी समिति, सदस्य सामान्य प्रयोजन समिति छत्तीसगढ़ विधानसभा रहें हैं। मनेंद्रगढ़ विधानसभा में कुल 100654 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भाजपा के प्रत्याशी श्याम बिहारी जायसवाल को 48503 वोट मिले। कांग्रेस के रमेश सिंह को 36623 वोट मिले तीसरा स्थान गोंगपा से शेख इस्माइल का रहा उन्हें 10411 वोट मिले। नोट को 1308 कुल मिले इस विधानसभा में कुल 9 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे।

## लक्ष्मी राजवाड़े

भटगांव विधानसभा से पहली बार विधायक निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने कांग्रेस के पारस राजवाड़ों को 43858 वोटों से चुनाव हराया है। लक्ष्मी राजवाड़े मात्र 31 वर्ष की उम्र में विधायक निर्वाचित हुई हैं। 31 वर्षीय लक्ष्मी राजवाड़े के पति का नाम ठाकुर राम राजवाड़े है। वे ग्राम बीरपुर पोस्ट सिलफिली तहसील लटोरी जिला सूरजपुर की रहने वाली है।

**शिक्षा:** हायर सेकेंडरी परीक्षा 2014 शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल से उत्तीर्ण की है। उनके पुत्र हिमांशु राजवाड़े और नरेंद्र राजवाड़े है।



**अन्य:** उनके नाम दो पोल्ट्री फार्म है। इसके अलावा फिक्स चिमनी ईंट उद्योग हैं। उनके पति का व्यवसाय कृषि हैं। लक्ष्मी राजवाड़े के पति ठाकुर राम राजवाड़े पंचायत सचिव के पद पर नौकरी करते थे। सितंबर 2023 तक उन्हें 32 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन प्राप्त होता था। जिससे उन्होंने इस्तीफा दे दिया। लक्ष्मी राजवाड़े को भटगांव से भाजपा ने प्रत्याशी बनाया था। लक्ष्मी सूरजपुर जिला पंचायत की सदस्य हैं और महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष हैं। क्षेत्र में तेजतर्रार नेत्री के रुप में इनकी पहचान है। 2003 में इस सीट से कांग्रेस के हरिदास भारद्वाज ने चुनाव जीत था। 2008 में भाजपा के रविशंकर त्रिपाठी ने जीत दर्ज की थी। उनकी असमय निधन के बाद उनकी पत्नी रजनी त्रिपाठी उपचुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची। 2013 में कांग्रेस के पारनाथ राजवाड़े ने उन्हें हरा दिया। 2018 में पारनाथ दूसरी बार इस सीट को जीतने में सफल रहे। इस बार दस साल के विधायक को लक्ष्मी राजवाड़े ने हरा दिया।

## ओपी चौधरी

आईएएस की नौकरी छोड़कर वर्ष 2018 में राजनीति में आये ओपी चौधरी ने पहला चुनाव अपने गृहक्षेत्र खरसिया से कांग्रेस विधायक उमेश पटेल के विरुद्ध लडा था किंतु 17 हजार वोटों से पराजित हुए थे। इसके बाद ओपी को भाजपा के प्रदेश महामंत्री की कमान दी गई और तत्कालीन कांग्रेस सरकार में ओपी ने पूरे प्रदेश मे विपक्ष का सबसे मजबूत किरदार बने रहे। वहीं इस बार के चुनाव में ओपी चौधरी ने रायगढ विधानसभा से पर्चा भरा और कांग्रेस



विधायक प्रकाश नायक को लगभग 65 हजार के रिकार्ड वोटो से पराजित कर रायगढ के विधायक चुने गये। चुनाव जीतने और प्रदेश मे भाजपा का बहुमत आने के बाद से ही ओपी चौधरी के मंत्री बनने की चर्चा तेज हो गई थी। खास बात यह है कि रायगढ मे ओपी के पक्ष मे चुनाव प्रचार के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतदाताओं से चौधरी को बडा आदमी बनाने का वादा किया था । इसलिए ओपी का मंत्री बनना तय माना जा रहा था। 21 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने केबिनेट मंत्रियों का नाम घोषित कर ओपी के नाम पर मुहर लगा दी। ज्ञात हो कि छग मे रायगढ विधानसभा से आखिरी बार 2000-2003 तक कांग्रेस विधायक कृष्ण कुमार गुप्ता स्वास्थ्य मंत्री रहे थे किंतु उसके बाद करीब 20 साल तक रायगढ के किसी विधायक को मंत्री बनने का आवसर नहीं मिला था। अब दो दशक बाद रायगढ की एक बहुप्रतिक्षित इच्छा पूरी होने जा रही है जिसे लेकर रायगढ विधानसभा ही नहीं बल्कि पूरे जिले मे जोश और उत्साह का माहौल है।

## लखन लाल देवांगन

कोरबा विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने तीन बार के विधायक व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को 26000 से भी अधिक मतों से चुनाव हराया है। ओबीसी वर्ग से आने वाले लखन लाल देवांगन पूर्व में कोरबा निगम के महापौर व पड़ोसी कटघोरा विधानसभा से विधायक रह चुके हैं।

**जन्म:** 12 अप्रैल 1962 को कोरबा में हुआ था। उनके पिता का नाम स्वर्गीय तुलसी राम देवांगन है।



**शिक्षा:** बीए प्रथम वर्ष तक की शिक्षा ग्रहण की है।

**अन्य:** वे नया कोहड़िया चारपारा के रहने वाले हैं। उनका विवाह 15 अक्टूबर 1982 को रामकुमारी देवांगन के साथ हुआ था। उनकी पत्नी की जन्म तिथि 22 फरवरी 1964 है। लखन लाल देवांगन के एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले लखनलाल देवांगन के पिता स्वर्गीय तुलसीराम देवांगन सामान्य किसान थे। वे टेलरिंग के अलावा फुटपाथ पर कपड़े की दुकान चलाते थे।

## टंकराम वर्मा

टंकराम वर्मा को बलौदाबाजार से विधानसभा से जीते हैं। 61 वर्षीय टंकराम वर्मा ने एलएलबी की है। पिछले 30 वर्षों से सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय टंकराम वर्मा पहली बार विधायक का चुनाव लड़ा और जीते हैं। वे वर्तमान में रायपुर जिला ग्रामीण भाजपा के अध्यक्ष हैं। श्री वर्मा को बलौदाबाजार क्षेत्र में रामायण व भागवत कथा करवाने के नाम से ख्याति मिली हुई है।



## केदार कश्यप

स्वर्गीय बलीराम कश्यप के तृतीय पुत्र केदार कश्यप एक बड़ा चेहरा है। डॉ. रमन सरकार में लगातार तीन बार मंत्री रहे केदार कश्यप ने राजनीति यात्रा 23 साल पहले 2000 में भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारी सदस्य के रूप में शुरू की। ततपश्चात वे भाजयुमो के बस्तर जिला उपाध्यक्ष रहे। वे पहली बार 2003 प्रथम नारायणपुर विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए। दूसरी बार 2008 एवं 2013 में तृतीय बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। इस दौरान उन्हें रमन मंत्रिमंडल में पहले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री, फिर 2013 मंत्री, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, स्कूल शिक्षा, मंत्री बने थे। केदार को 2021 में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता की अहम जिम्मेदारी



दी गई। जबकि 2022 में संगठन में उनका कद बढ़ाते प्रदेश महामंत्री का अहम दायित्व सौपा जो वर्तमान समय तक बने हैं। अब छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल में शामिल होकर वे चौथी बार मंत्री बनेंगे। उनका जन्म बस्तर जिले के बस्तर विकासखंड अंतर्गत भानपुरी से सटे ग्राम फरसगुड़ा में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा फरसागुड़ा में कई। हिंदी साहित्य में पोस्ट ग्रेजुएट केदार का विवाह मई 2011 में हुआ। पत्नी श्रीमती शांति कश्यप और केदार के एक पुत्री व एक पुत्र है। बड़े भाई दिनेश कश्यप बस्तर के सांसद रह चुके हैं।

## दयाल दास बघेल

नवागढ़ विधानसभा से विधायक दयालदास बघेल 1983 से 2000 तक सरपंच रहे। 10 वीं तक की शिक्षा नवागढ़ के संबलपुर में प्राप्त की। 2003 में पार्टी ने फिर से भरोसा जताया और भी विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। वे बेमेतरा जिले के नवागढ़ तहसील के ग्राम व पोस्ट कुंरा में रहते हैं। वे छत्तीसगढ़ शासन में उद्योग, राजस्व सहकारिता, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने 1998 में भाजपा की टिकट पर विधायक चुनाव लड़ा जिसमें उन्हें हार मिली।



उसके पश्चात 2003 में वह पहली बार विधायक चुनकर आए। 2008 व 2013 में भी वे विधायक व मंत्री बने। 2018 चुनाव में उनको कांग्रेस के गुरुदयाल बंजारे ने हराया था, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में इन्होंने गुरु रुद्र कुमार को 15000 से अधिक मतों से हराकर फिर से विधायक बने।

## संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 10 जनवरी तक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को 10 जनवरी तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से राज्यसभा सदस्य सिंह को अपने पांचवें पूरक आरोप पत्र और अन्य संबंधित दस्तावेजों की एक प्रति उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है। संजय सिंह को कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था।ष सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने सिंह को अभियोजन शिकायत (ईडी के आरोप पत्र के समान) के साथ-साथ पिछली अभियोजन शिकायतों और कुछ अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए समय मांगा।



थूथुकुडी में स्थानीय लोगों का हाल जानने पहुंचे सीएम स्टालिन

## तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव



### सीएम स्टालिन ने की बाढ़ग्रस्त इलाके का दौरा

द्रमुक सांसद के कनिमोझी ने थूथुकुडी जिले में इरल इलाके का दौरा किया। राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी बाढ़ ग्रस्त इलाके का दौरा किए। सांसद कनिमोझी के साथ मिलकर उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत भी की।

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

तमिलनाडु में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। थूथुकुडी और तिरुनेलवेली के पलायमकोट्टई में जलभराव के कारण लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जलजमाव के कारण यातायात भी बाधित हो रही है।

एनडीआरएफ की टीम थूथुकुडी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों के घरों में जाकर उन्हें राहत सामग्री वितरित कर रहे हैं। भारी बारिश के कारण स्कूली छात्रों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। थूथुकुडी के अलावा तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी अभी भी भारी बारिश के कारण जूझ रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तमिलनाडु को केंद्र की तरफ से हर संभव मदद दी जाएगी।

## पूर्व सीईओ समेत तीन को पांच साल की सजा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चेन्नई की एक अदालत ने बैंक ऑफ इंडिया को 2.06 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के मामले में पालपाप इचिनिची सॉफ्टवेयर इंटरनेशनल लिमिटेड के पूर्व सीईओ सह चेयरमैन पी सेंथिल कुमार और दो अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीबीआई की विशेष अदालत ने तीनों आरोपियों और चेन्नई की कंपनी पर 2.10 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने 2008 में बैंक ऑफ इंडिया की एक शिकायत के बाद मामले को अपने हाथ में लिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुमार ने चेन्नई की अन्ना सलाई शाखा में स्टार पर्सनल लोन स्कीम के तहत फर्जी लोगों के नाम पर 149 ऋण खाते खोले और उन्हें अपनी कंपनी का कर्मचारी दिखाया।



विकास के लिए इसका उपयोग होने की कही बात

## आरएसएस ने भी कर दिया जातिगत जनगणना का समर्थन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जातिगत जनगणना का समर्थन किया है। संघ ने कहा है कि जातिगत जनगणना का उपयोग विभिन्न सामाजिक वर्गों के उत्थान के लिए किया जाना चाहिए। संघ ने इस बात के प्रति लोगों को सचेत भी किया है कि इसका दुरुपयोग समाज को तोड़ने के लिए न होने पाए। संघ का यह स्पष्टीकरण उस घटना के बाद आया है, जिसमें पश्चिम प्रांत के एक संघ पदाधिकारी ने जातिगत जनगणना को हिंदू समाज को तोड़ने की कोशिश बताकर इसकी आलोचना की थी।



आरएसएस के प्रमुख पदाधिकारी सुनील आंबेकर ने गुरुवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर यह भी साफ किया है कि वह समाज में व्याप्त किसी भी प्रकार के छुआछूत-विभेद पैदा करने वाली नीति के खिलाफ हैं। संघ हमेशा से समाज के हर वर्ग को एक साथ जोड़ने की नीति पर काम करता रहा है।

### संघ को क्यों देनी पड़ी सफाई

दरअसल, अब तक का अनुभव बताता है कि देश के विभिन्न राजनीतिक दलों ने जातियों की राजनीति की है। लेकिन जाति आधारित राजनीति करने का उपयोग केवल सत्ता तक पहुंचने के लिए ही किया गया है। सत्ता में आने के बाद इन राजनीतिक दलों ने उन जातियों का कोई विकास नहीं किया, जिसकी भलाई का नाम लेकर वे सत्ता में आईं।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

*50 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा पोत होंगे शामिल*

## भारतीय नौसेना बनेगी सबसे बड़े युद्धाभ्यास की मेजबान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना फरवरी 2024 में अपने सबसे बड़े नौसैनिक युद्धाभ्यास- मिलन 2024 का आयोजन करने जा रही है। 19 से 27 फरवरी के बीच विशाखापत्तनम में चलने वाले इस अभ्यास में इस बार 50 से ज्यादा मित्र देशों के शामिल होने की संभावना है। वहीं, 20 से ज्यादा नौसैनिक पोत भी इस अभ्यास का हिस्सा बनेंगे। भारतीय नौसेना ने इससे जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया है। गौरतलब है कि मिलन भारत की नौसेना की तरफ से किय जाने वाला सबसे बड़ा बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है। आखिरी बार 2022 में हुए इस युद्धाभ्यास में 46 मित्र देशों को न्योता भेजा गया था। इनमें रूस, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, इजराइल, ईरान, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, बांग्लादेश, ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात, अन्य शामिल रहे थे। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह आयोजन उपमहाद्वीप के समुद्र तटों में भारत की समुद्री श्रेष्ठता को दिखाने और उसकी समुद्री सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। चीन की बढ़ती नौसैनिक ताकत और हिंद महासागर में चीन की बढ़ती उपस्थिति के मद्देनजर चीन की घेराबंदी के लिए यह जरूरी है।

### क्या है मिलन अभ्यास?

यह सबसे जटिल नौसैनिक अभ्यास है जो भारत किसी भी अन्य देश के साथ करता है। मिलन एक बहुपक्षीय युद्ध नौसैनिक अभ्यास है जिसे 1995 में शुरू किया गया था। उद्घाटन संस्करण में भारतीय नौसेना के अलावा, इंडोनेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैंड की नौसेनाओं ने भाग लिया था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, लखन देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा



लक्ष्मी राजवाड़े

**साय मंत्रिमंडल का विस्तार, चेहरों को लेकर बना सस्पेंस खुला**

# बृजमोहन, रामविचार, ओपी समेत 9 विधायक बनाए जा रहे मंत्री, राजभवन में आज 11.45 बजे लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नई सरकार के गठन के बाद मंत्रिमंडल को लेकर बना सस्पेंस अब खत्म होगा। साय मंत्रिमंडल के नौ विधायक शुक्रवार को 11.45 बजे राजभवन में मंत्री पद की शपथ लेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया, 9 मंत्री शपथ ले रहे हैं। जिनको मंत्री बनाया जा रहा है, उनमें पुराने चेहरों में बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, दयालदास बघेल और केदार कश्यप शामिल हैं। पांच नए चेहरों को मौका दिया गया है। इसमें ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी रजवाड़े शामिल हैं। हरिभूमि ने पहले ही यह खबर प्रकाशित की थी कि साय कैबिनेट का विस्तार विधानसभा सत्र के बाद होगा। गुरुवार को ही विधानसभा का सत्र समाप्त हुआ है। अब दूसरे ही दिन शपथ ग्रहण कार्यक्रम हो रहा है। इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री दिल्ली जाएंगे, जहां भाजपा की लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक होने वाली है।

▶▶| शेष पेज 2 पर

**जानिए बनने वाले मंत्रियों को**





## दिल्ली में तय हुए थे नाम

साय मंत्रिमंडल के नामों को लेकर दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन के साथ मंथन हो चुका है। दिल्ली से मुख्यमंत्री ने लौटने के बाद यह भी कहा है कि मंत्रिमंडल में नए के साथ पुराने चेहरों को भी शामिल किया जाएगा।

## साय-किरण देव जाएंगे दिल्ली

शपथ ग्रहण के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा ने नए प्रदेशाध्यक्ष किरण देव दोपहर को दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में 22 और 23 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय संगठन की लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक है। इसमें श्री साय और श्री देव शामिल होंगे। श्री साय की दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ और कुछ राष्ट्रीय नेताओं के साथ मुलाकात होगी।

**फैक्ट फाइल**

## 9 में सबसे ज्यादा पांच ओबीसी, दो आदिवासी, एक एससी और एक सामान्य वर्ग

साय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए 9 विधायकों में से पांच ओबीसी वर्ग के हैं। दो आदिवासी, एक एससी और एक सामान्य वर्ग के विधायक हैं। मंत्रिमंडल में सरगुजा का दबादबा रहा। इसी के साथ सबसे ज्यादा तीन विधायक सरगुजा संभाग से लिए गए हैं। रायपुर संभाग और बिलासपुर संभाग के दो-दो, बस्तर और दुर्ग से एक-एक विधायक को मौका मिला है। लंबे इंतजार के बाद अंततः साय सरकार के कैबिनेट का विस्तार हो रहा है। इसमें संभागों के साथ

▶▶| शेष पेज 2 पर

### सरगुजा का दबदबा

मंत्रिमंडल में सरगुजा संभाग का पूरी तरह से दबदबा है। इसके पीछे का एक सबसे बड़ा कारण यह भी है कि इस बार भाजपा को सरगुजा संभाग की सभी 14 सीटों पर जीत मिली है। ऐसे में सरगुजा संभाग को बड़ा महत्व दिया गया है। पहले मुख्यमंत्री भी सरगुजा संभाग से ही बनाया गया। अब यहां से तीन मंत्री भी बनाए गए हैं। इसमें रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हैं। बिलासपुर संभाग के दो ओपी चौधरी और लखन लाल देवांगन हैं। रायपुर संभाग के भी दो बृजमोहन अग्रवाल और टंकराम वर्मा है। बस्तर संभाग से एक मात्र केदार कश्यप और दुर्ग संभाग से दयालदास बघेल हैं।

**अनुपूरक मंजूर** ▸ **साय बोले- मोदी की गारंटी को लागू करने हमने एक सेकंड भी नहीं लगाया**

# बकाया बोनस के लिए 3700 करोड़ और महतारी वंदन पर खर्च होंगे 1200 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री की शपथ लिए मुझे कुछ घंटे हुए थे, लेकिन मोदी की गारंटी का क्रियान्वयन करने के लिए हमने एक सेकंड भी टाइम नहीं लगाया, क्योंकि मोदी की गारंटी का मतलब होता है, गारंटी पूरी होने की गारंटी।

सदन में प्रस्तुत अनुपूरक बजट, प्रदेश की जनता को मोदी द्वारा दी गई गारंटी पूरा करने की दिशा में हमारी सरकार का पहला कदम है। पूर्व सरकार ने 1 लाख 21 करोड़ रुपए से भी अधिक का बजट पेश किया था, सरकार ने राजस्व की व्यवस्था नहीं की थी। भाजपा सरकार के समय 41 हजार 695 करोड़ का कर्ज था। आज वह बढ़कर 91 हजार 533 करोड़ हो गया है। 5 साल के कार्यकाल में पिछली सरकार ने 50 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया। इतनी विपरीत परिस्थिति के बाद भी हम मोदी की गारंटी

▶▶| शेष पेज 2 पर

### विपरीत परिस्थिति के बाद भी मोदी की गारंटी पूरा करने प्रतिबद्ध





**हर वर्ग के लिए प्रावधान**

श्री साय ने कहा, हर घर तक नल से जल पहुंचाने की दिशा में हमने काम शुरू कर दिया है। 1 हजार 230 करोड़ रुपए का राज्यांश मद में प्रावधान किया गया है। कृषक जीवन ज्योति योजना के लिए अनुपूरक बजट में 1 हजार 102 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 255 करोड़ 25 लाख रुपए का राज्यांश प्रावधान किया गया है। हमारी सरकार के घोषणापत्र में हर वर्ग के लिए हितकारी प्रावधान हैं।

### महिलाओं को आर्थिक संबल देने 1200 करोड़

उन्होंने कहा, महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आर्थिक संबल देने के लिए महतारी वंदन योजना का प्रावधान हमने किया है। इसमें आर्थिक सहायता दिए जाने के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट में 1200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### कांग्रेस ने वादा करके भी नहीं दिया बोनस

छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने की मांग वर्षों से चली आ रही थी। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी ने किया, ताकि छत्तीसगढ़ की जनता के सपनों को साकार किया जा सके। किसानों को बकाया बोनस का भुगतान करने का वादा आपने किया था, वह भी नहीं दिया। भाजपा सरकार ने किसानों के लिए 2 साल के बकाया धान बोनस भुगतान के लिए द्वितीय अनुपूरक में 3800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया।

### कांग्रेस सरकार को लगी गरीबों की हाय

उन्होंने कहा पीएम का संकल्प है कि किसी गरीब परिवार का चूल्हा नहीं बुझेगा। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण और शहरी आवास योजना का जिक्र घोषणापत्र में किया, लेकिन उसका क्रियान्वयन करना भूल गए। केंद्र सरकार को इसके लिए पत्र लिखना पड़ा। सरकार केवल सत्ता का सुख भोगने में लगी रही। गरीबों का आवास नहीं बनने के कारण आपके मंत्री को इस्तीफा देना

▶▶| शेष पेज 2 पर

### भूपेश ने पूछा - बोनस का लाभ कैसे देंगे, क्या केंद्र ने प्रतिबंध हटा लिया?



अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, 2014 में जब केंद्र में मोदी की सरकार बनी, इसके बाद केंद्र ने बोनस पर प्रतिबंध लगाया था। राज्य में भाजपा सरकार के अंतिम कार्यकाल में उन्हें बोनस देने की छूट दी गई। 2017-18 का बोनस किसानों को दिया गया। इसी छूट के चलते छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनते ही 2500 रुपये में धान खरीदी की। हमने राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किसानों को बोनस दिया। उसके बाद मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था कि बोनस पर प्रतिबंध हटाया जाए। भारत सरकार ने बोनस पर प्रतिबंध लगाया है। फिर आप बोनस का

▶▶| शेष पेज 2 पर

**किरण देव बनाए गए अध्यक्ष**

# 20 बरस बाद भाजपा ने सामान्य वर्ग को राज्य में सौंपी पार्टी की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंप दी है। बस्तर संभाग से प्रदेशाध्यक्ष बनने वाले वे दूसरे हैं। इसके पहले विक्रम उसेंडी प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं। श्री देव सामान्य वर्ग से डा. रमन सिंह के बाद दूसरे प्रदेशाध्यक्ष हैं। नए प्रदेशाध्यक्ष के बाद जल्द ही प्रदेश संगठन में भी बड़ा बदलाव होगा, क्योंकि विधानसभा चुनाव में प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के अलावा तीनों महामंत्री और तीन उपाध्यक्ष भी चुनाव जीते हैं। नियुक्ति के बाद श्री देव ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता लोकसभा चुनाव में सभी 11 सीटों पर जीत होगी।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने इस बार विधानसभा चुनाव में प्रदेश संगठन को भी पूरी तरह झोंक दिया था। प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को लोरमी से चुनाव लड़ाया गया। वे जहां चुनाव जीते, वहीं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर उनको डिप्टी

▶▶| शेष पेज 2 पर

### डा. रमन के बाद अब सामान्य वर्ग से अध्यक्ष

किरण सिंह देव सामान्य वर्ग से आते हैं। उनके पहले प्रदेश में एक मात्र डॉ. रमन सिंह ही हैं जो 2003 में विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेशाध्यक्ष बनाए गए थे। इसके बाद से और किसी भी सामान्य वर्ग के कार्यकर्ता को प्रदेशाध्यक्ष नहीं बनाया गया। अब जाकर 20 साल बाद सामान्य वर्ग को भाजपा संगठन में बड़ा महत्व मिला है। श्री देव प्रदेश भाजपा संगठन में 2005 से 09 और 2015 से 2018 तक प्रदेश मंत्री, 2018-22 तक प्रदेश महामंत्री रहे हैं।

### केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिले, यह प्रयास रहेगा

**जगदलपुर।** जगदलपुर सीट से नवनिर्वाचित विधायक किरण सिंह देव ने हरिभूमि से विशेष चर्चा में कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ निचले तबके के लोगों को मिले यह प्रयास रहेगा। नए दायित्व का निर्वहन पूरी गंभीरता के साथ केंद्र और प्रदेश के सभी वरिष्ठजनों के साथ मिलकर करेंगे। विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के कार्यों को जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनता के लिए आरंभ कर दिया है उसे और अधिक तेज गति से करने का प्रयास रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष बनने के पश्चात नई दिल्ली से हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सेवा का मौका दिया है, उसे पूरी गंभीरता और सेवाभावना के साथ पूरा किया जाएगा। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और समन्वय से कार्ययोजना बनाकर संगठन को तेजी से गतिशील करने का प्रयास रहेगा। आने वाले समय में लोकसभा चुनाव है, इसलिए मेरा प्रयास रहेगा कि पिछले चुनाव में 2 सीट रह गई थी, लेकिन इस बार पूरे 11 सीट जीतेंगे। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता यह चाहता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर

▶▶| शेष पेज 2 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### केजरीवाल बोले- समन राजनीति से प्रेरित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय के समन पर अपना जवाब भेजा है।



इन समन को गैर कानूनी और राजनीति से प्रेरित बताया है। केजरीवाल बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र के लिए चले गए। केजरीवाल ने ताजा समन को राजनीति से प्रेरित और गैर कानूनी बताया है। अपने जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन पारदर्शिता और ईमानदारी से गुजारा है।

### भारत ने 2-1 से जीती सीरीज

**नई दिल्ली।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे वनडे मैच में 78 रन से हरा दिया है। इसके साथ भारत ने तीन मैच की वनडे सीरीज 2-1 से जीती। बोलैंड पार्क में खेले गए तीसरे और निर्णायक मुकाबले में गुरुवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन के शतक की बदौलत 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 296 रन बनाए। इसके जवाब में डी जॉर्जी के अर्धशतकीय पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 45.5 ओवर में 218 रन ही बना सकी।

**नए कानून पर राज्यसभा में बोले शाह**

# एफआईआर से लेकर फैसला तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नए आपराधिक कानून बिल को लोकसभा के बाद राज्यसभा में राज्यसभा में पेश किया गया। राज्यसभा में चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों से आपराधिक न्याय प्रणाली में नए युग की शुरुआत होगी। नए कानूनों के लागू होते ही प्राथमिकी से लेकर फैसले तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। मुझे गर्व है कि भारतीय संसद ने आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए कानून बनाए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तीन आपराधिक कानूनों के स्थानों पर लाए गए विधेयकों के संसद से पारित होने के बाद भारत के आपराधिक न्याय प्रक्रिया में एक नयी शुरुआत होगी जो पूर्णतया भारतीय होगी। बीएनएस विधेयक, 2023, बीएनएसएस विधेयक, 2023 और बीएस विधेयक, 2023 पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने यह भी कहा कि इन विधेयकों का उद्देश्य पूर्ववर्ती कानूनों की तरह दंड देने का नहीं बल्कि न्याय मुहैया कराने का है।

### चौदहवें सत्र के दौरान 14 बैठकें

17वीं लोकसभा का चौदहवां सत्र, जो गत 4 दिसंबर को शुरू हुआ था गुरुवार को संपन्न हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने विदाई भाषण में सदन के कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए सदस्यों को सूचित किया कि सत्र के दौरान 14 बैठकें हुईं जो लगभग 61 घंटे 50 मिनट तक चली। उन्होंने बताया कि लोक सभा के चौदहवें सत्र के दौरान सदन की उत्पादकता 74 प्रतिशत रही। बिरला ने यह जानकारी भी दी कि सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किये गये और 18 विधेयक पारित किये गये। सत्र के दौरान सदन द्वारा पारित कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023; और दूरसंचार विधेयक, 2023 शामिल रहे।

### बैज समेत तीन और सांसद सस्पेंड

इधर, लोकसभा में तख्तियां दिखाने और सदन की अवमानना करने को लेकर गुरुवार को कांग्रेस के तीन सदस्यों दीपक बैज, डीके सुरेश और नकुल नाथ को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही लोकसभा के निलंबित विपक्षी सदस्यों की संख्या 100 हो गयी और दोनों सदनों को मिलाकर यह आंकड़ा 146 पर पहुंच गया। निचले सदन से निलंबित कुल 100 सदस्यों में से 97 को मौजूदा शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया है, जबकि तीन सांसदों का निलंबन विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक जारी रहेगा।

**सीएम साय की मांग पर केंद्र ने दी मंजूरी**

# केंद्र सरकार 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल भी लेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार से इस साल 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल भी लेने का फैसला किया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अनुरोध पर भारत सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने आज ही केंद्रीय खाद्य मंत्री पीयूष गोयल को लिखा था। पत्र में राज्य हित में उसना चावल लिए जाने का आग्रह किया गया था। भारत सरकार ने



छत्तीसगढ़ शासन को पत्र भेजकर सहमति की सूचना दी है। केंद्र सरकार से सहमति के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, डबल इंजन की सरकार का यह बड़ा असर है। लंबित मांग एक ही दिन में की गई पूरी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री को राज्य की ओर से धन्यवाद दिया है।

**आय से अधिक संपत्ति मामला, मंत्री के साथ विधायकी भी गई**

# मंत्री और उनकी पत्नी को तीन साल कैद, 50 लाख रुपए का जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आय से अधिक संपत्ति के मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को डीएमके नेता और तमिलनाडु सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी को तीन साल की कैद और 50 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। सजा के बाद पोनमुडी विधायक के रूप में अयोग्य हो गए और मंत्री पद गवां दिया है। छह महीने पहले ही इस मामले में वेल्लोर की एक कोर्ट ने मंत्री और उनकी पत्नी को बरी कर दिया था। स्थानीय कोर्ट का कहना था कि इस मामले में पर्याप्त सबूत नहीं हैं, बाद में हाई कोर्ट ने मामले को स्वतः संज्ञान लिया था। वहीं, हाई कोर्ट में सुनवाई के





दौरान मंत्री पोनमुडी और उनकी पत्नी पी विशालाक्षी ने कोर्ट में अपना मेडिकल रिकॉर्ड पेश किया और तर्क दिया कि मामला बहुत पुराना है और अब वो 73 साल के हो गए हैं। उनकी पत्नी 60 साल की हैं। कपल ने न्यूनतम सजा का अनुरोध किया था। हाईकोर्ट ने ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला दिया और मंत्री के पोनमुडी को तीन साल की साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

### कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को 2 साल की सजा

पंजाब में आप के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा समेत 9 लोगों को 2 साल की सजा सुनाई गई है। मामला साल 2008 है, जिसमें अब 15 साल बाद सजा हुई है। जानकारी के अनुसार अमन अरोड़ा का अपने जीजा राजेंद्र दीपा के साथ पारिवारिक झगड़ा था। इसी को लेकर साल 2008 में शिकायत दर्ज हुई थी। अकाली दल के नेता राजेंद्र दीपा ने कहा भले ही फैसला देरी से आया लेकिन सही आया वह इसका स्वागत करते हैं।

**मिथिला से जाएगा सोने से बना धनुष-बाण**

# श्रीराम की ससुराल से पहुंचेगा पान और मखाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

**खास खबर**

अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में भगवान श्रीराम की ससुराल कहे जाने वाले बिहार के मिथिला से पाग, पान और मखाना तथा सोने से बना धनुष-बाण पहुंचाया जाएगा। इन उपहारों की व्यवस्था पटना का प्रसिद्ध महावीर मंदिर करेगा। महावीर मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव एवं भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी किशोर कुणाल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान राम अर्से बाद अपने 'घर' वापस आ रहे हैं। इस शुभ अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिये वह खुद महावीर मंदिर



### बुजुर्गों को नहीं चलना पड़ेगा पैदल

राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं को भव्य परिसर में ज्यादा पैदल चलने की जरूरत नहीं होगी। मंदिर निर्माण ट्रस्ट उनके लिए ई-वाहनों का संचालन कराएगा। मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट राम जन्मभूमि पर आने वाले बुजुर्ग आगंतुकों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा। वरिष्ठ नागरिकों को भव्य परिसर में ज्यादा पैदल चलने की जरूरत नहीं होगी। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ बीमार लोगों के लिए भी ई-वाहनों का संचालन किया जाएगा।

### होटल की प्री बुकिंग होगी कैंसल

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को पहले से होटल और धर्मशालाओं में हुई बुकिंग कैंसिल होगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को समीक्षा बैठक के बाद निर्देश दिए हैं। 22 जनवरी को लोगों ने अयोध्या में पहले से बड़ी संख्या में होटल की बुकिंग करवाई है। वीवीआईपी सुरक्षा को देखते हुए ये बुकिंग कैंसिल होगी। 22 जनवरी को अयोध्या में सिर्फ वही लोग रुक पाएंगे जिनके पास ड्यूटी का पास या श्रीराम तीर्थ ट्रस्ट का निमंत्रण पत्र होगा।

### 70 हजार रुपए पहुंचा एक दिन का किराया

प्रभु श्रीराम को आसन पर विराजित होता देखने के लिए पूरे देश भर से लोग अयोध्या पहुंचेंगे। अंदाजा लगाया जा रहा है कि 22 जनवरी को 3 से 4 लाख श्रद्धालु अयोध्या राम मंदिर पहुंचेंगे। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं ने अपने रहने के लिए महीनों पहले ही होटल में कमरा बुक करा लिया है और बुकिंग अभी भी चालू ही है, पर सबसे ज्यादा ध्यान देने वाली बात यह है कि 21, 22 और 23 जनवरी को राम जन्मभूमि अयोध्या में होटल के एक कमरे का किराया 70000 बताई जा रही है।

## चिंतन

# एकल यूज प्लास्टिक पर सख्ती आवश्यक

जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत वैश्विक स्तर पर कितनी भी गंभीर प्रतिबद्धता जता रहा हो, लेकिन घरेलू मोर्चे पर इसके अनुपालन में सख्ती नहीं दिख रही है। दश म एकल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद इसके उत्पादन व उपयोग में कमी नहीं आई है। सरकार ने खुद माना है कि एकल यूज प्लास्टिक की आपूर्ति हो रही है। संसद में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि 'एकल उपयोग प्लास्टिक प्रदूषण के लिए सबसे बड़ा खतरा है और भारत ने इस पर पूरी तरह से रोक लगा दिया है, लेकिन देखने में आया है कि प्लास्टिक का कच्चा माल तैयार करने वाले लोग अवैध तरीके से इसकी आपूर्ति करते हैं।' हालांकि केंद्रीय मंत्री ने इसी के साथ यह भी कहा कि सरकार एकल उपयोग प्लास्टिक को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। बात केवल प्रतिबद्ध तक की नहीं है, बल्कि कानूनों के अनुपालन की है। जब देश में एकल यूज प्लास्टिक के उत्पादन व प्रयोग पर रोक है, तो आखिर यह बन कैसे रहा है और बिक कैसे रहा है? हमारी सरकारी मशीनरी क्या कर रही है? सिंगल यूज प्लास्टिक से न केवल पर्यावरण को खतरा है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। भारत वैश्विक जलवायु करार से भी संबंद्ध है, जिसमें सरकार को जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कार्ययोजना पर काम करना है। सरकार ने एक अधिसूचना जरूर जारी की है जिसके तहत प्लास्टिक के कच्चे माल की आपूर्ति करने वालों को बताना होगा कि उन्होंने उस माल की आपूर्ति कहां की है। इसके बाद भी एकल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस पर अंकुश के लिए राज्य सरकारों को भी सख्त होना होगा और नागरिकों को भी 'नो सिंगल यूज प्लास्टिक' अभियान में सहयोग करना होगा। भारत की जैसी सामाजिक संरचना है, उसमें सरकारी मशीनरी ही पर्यावरण संरक्षण के उपायों को अमल कराने में उपयोगी है। देश में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामूहिक जन चेतना का घोर अभाव है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के मुद्दे पर हाल ही में दुबई में आयोजित 'सीओपी 28' सम्मेलन में भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया गया है। यह और बात है कि इस पर वैश्विक स्तर पर विकसित व विकासशील देशों के बीच राजनीति भी चल रही है। सीओपी 28 के प्रमुख नतीजों में दशक के अंत से पहले वैश्विक जलवायु महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देने वाले पहले ग्लोबल स्टॉकटेक के नतीजे पर निर्णय शामिल है। इन वैश्विक प्रयासों को देशों द्वारा पेरिस समझौते और उनकी विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित तरीके से उठाया जाएगा। सीओपी 28 का एक अन्य प्रमुख परिणाम लॉस एवं डैमेज फंड के संचालन और इसकी फंडिंग व्यवस्था पर समझौता है। फंड का उद्देश्य उन विकासशील देशों की सहायता करना है जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति संवेदनशील हैं, ताकि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से जुड़े आर्थिक और गैर-आर्थिक नुकसान और क्षति का जवाब दिया जा सके, जिसमें चरम मौसम की घटनाएं और धीमी शुरूआत की घटनाएं शामिल हैं। भारत को कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के अपने उपायों के तहत एकल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध पर कड़ाई से अनुपालन के कदम उठाने होंगे, हरित तकनीक को बढ़ावा देना होगा, ग्रीन एनर्जी के प्रयोग को बढ़ाना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें जमीनी स्तर पर अधिक काम करना होगा, कथनी व करनी के फर्क को मिटाना होगा, तभी स्वच्छ व हरित पर्यावरण का लक्ष्य हासिल होगा।

## सारा संसार



सोमनाथ मन्दिर भूमण्डल में दक्षिण एशिया स्थित भारतवर्ष के पश्चिमी छोर पर गुजरात में स्थित, अत्यन्त प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मन्दिर का नाम है। इसे आज भी भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में माना व जाना जाता है।

## सुरक्षा का मुद्दा

डॉ. विशेष गुप्ता



# महिलाओं पर बढ़ रहे अपराध

महिला सशक्तिकरण के बढ़ते विस्तार के सामने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा आज देश व समाज में सक्रिय विमर्श का हिस्सा नहीं पा रही है। वह इसलिए क्योंकि भारतीय समाज में महिलायें एक लंबे काल तक अवमानित,यातना और शोषण की शिकार रही हैं। इसमें सामाजिक परम्परा,संस्थागत रीति-रिवाज और समाज में प्रचलित प्रतिमानों का महिलाओं के उत्पीड़न में योगदान भी कम नहीं रहा है। उसी के सापेक्ष वर्तमान में महिलाओं को अब पुरुषों के जीवन में महत्वपूर्ण,शक्तिशाली और अर्थपूर्ण सहयोगी माना जाने लगा है। देश की आजादी के बाद महिलाओं के पक्ष में बनाये गये कानूनों,शिक्षा का विस्तार और महिलाओं में बढ़ती आर्थिक स्वतंत्रता के बावजूद भी देश की असंख्य महिलायें आज भी हिंसा की शिकार हैं। महिलाओं के प्रति शारीरिक हिंसा,अपहरण,यौन क्रूरता,महिला को जलाना और उस पर तेजाब फेकने जैसी घटनायें आज भी सुनने और पढ़ने को मिल रहीं हैं। इसी संदर्भ से जुड़ी राष्ट्रीय रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) 2022 के ऑकड़ों से जुड़ी हालिया रिपोर्ट गौरतलब है। इस रिपोर्ट से साफ है कि देश में महिलाओं के विरुद्ध चार प्रतिशत और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इन घटनाओं से जुड़ी आज हर घण्टे 51 एफआईआर दर्ज हो रहीं हैं। इसी के साथ-साथ साईबर अपराधों के मामलों में भी 24.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है।

एनसीआरबी से जुड़े ऑकड़ों का विश्लेषण बताता है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लगातार तीन सालों में वृद्धि दर्ज की गयी है। मसलन 2022 में महिलाओं के विरुद्ध तमाम अपराधों से जुड़े कुल 4,45,256 मामले दर्ज किये गये,जो 2021 व 2020 में क्रमशः 4,28,278 व 3,71,503 रहे थे। इन ऑकड़ों में आगे खुलासा होता है कि 20 लाख से अधिक आबादी वाले 19 महानगरों में महिला अपराध के 48755 मामले दर्ज हुए,जबकि 2021 में यह ऑकड़ा 43414 ही रहा था। इससे ज्ञात होता है कि अहमदाबाद, बॅगलुरु, चैन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, गाजियाबाद, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, मुबंई, पुणे व नागपुर जैसे शहर महिला सुरक्षा के लिहाज से बहुत संवेदनशील पाये गये हैं।

देखा जाय तो महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के इतिहास के सफर में परम्परागत सामजिक व्यवस्था में समाहित एक वैचारिकी रही है जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं को कमतर ऑकती रही है। लेकिन यह भी सच है कि जेसे -जैसे महिलायें सामाजिक, आर्थिक,धार्मिक व राजनीतिक विकास के क्षेत्र में कदम बढ़ाती हैं,उसी के सापेक्ष महिलाओं के विरुद्ध हिंसा करने वाली ताकतें कमजोर पड़ने लगती हैं। यह सच है कि आज देश में अधिकांश कानून महिलाओं के पक्ष में है और देश के विकास में भी उनकी हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही हैं। एनसीआरबी के ऑकड़े भी बताते हैं कि जिन राज्यों में महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों को लागू करने में जीरा टॉलरेन्स की नीति है और महिला विकास के विभिन्न उपादानों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, वहॉ उन राज्यों में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध घटे हैं। उत्तर प्रदेश इसका जीता-जागता उदाहरण है। अपराध पर लगाम लगाने की जरूरत है।

# 'इंडिया' को राहुल का नेतृत्व मंजूर नहीं



राजनीति

आशीष वशिष्ठ

> छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। चौथी बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका, लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडि गठबंधन की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया।

बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा। कांग्रेस ने ऐसे प्रोजेक्ट किया कि इस गठबंधन को लीड करेगी और राहुल गांधी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा होंगे। गठबंधन में शामिल कई दल राहुल गांधी के चेहरे और नाम पर सहमत नहीं थे। वो स्वयं को प्रधानमंत्री पद का सशक्त दावेदार समझते हैं।

कर्नाटक में शानदार जीत के बाद कांग्रेस का उत्साह सातवें आसमान पर था। 13 मई को कर्नाटक चुनाव नतीजों के ठीक एक महीना दस दिन बाद यानी 23 जून को विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक हुई। पहली बैठक में ही संयोजक, सीट शेयरिंग आदि मुद्दों पर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। विपक्षी पार्टियों के नेताओं की दूसरी बैठक जुलाई को बेंगलुरु में हुई थी जहां गठबंधन का नाम इंडिया गठबंधन होगा, इस बात का ऐलान किया गया था। गठबंधन की तीसरी बैठक शिवसेना की मेजबानी में इस साल 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में हुई थी। इस बैठक में गठबंधन की कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन हुआ था। कोऑर्डिनेशन कमेटी की भी एक बैठक हुई थी। हालांकि, वह बैठक पांच राज्यों के चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले हुई थी।

इन तीन बैठकों में कांग्रेस जानबूझकर सीट शेयरिंग और संयोजक के नाम के अहम मुद्दे का टालती रही। कांग्रेस की मंशा यह थी कि पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव के बाद इन मसलों पर बात की जाएगी। असल में कांग्रेस



को पूरी उम्मीद थी कि कर्नाटक की भारी जीत और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से उसके पक्ष में माहौल बना हुआ है, और वो इन राज्यों में शानदार जीत हासिल करेगी। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उसका पलड़ा भारी होगा और वो अपने शर्तों के हिसाब से गठबंधन में शामिल दलों से तमाम मुद्दों पर तोल-मोल कर सकेगी। लेकिन कांग्रेस की चालाकी, रणनीति और हथकंडे फेल साबित हुए। और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से उसका सफाया हो गया। तेलंगाना में कांग्रेस को जीत तो मिली लेकिन तीन राज्यों की हार ने इस जीत का मजा किरकिरा कर दिया।

बीती 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा हुई। उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडि अलायंस की बैठक की चौथी बैठक की घोषणा की। लेकिन ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार ने कोई न कोई बहाना लगाकर बैठक में आने से इंकार कर दिया। असल में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों समाजवादी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय लोकदल में सीटों के बंटवारे को लेकर तनातनी हुई थी। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेताओं के बीच शर्मनाक बयानबाजी खूब चर्चा में रही थी। कांग्रेस के इस व्यवहार से घटक दलों में रोष व्याप्त था। इसलिये 6 दिसंबर की बैठक को कांग्रेस को टालना पड़ा था। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस भी सातवें आसमान से सीधे जमीन पर आ गिरी। चुनाव नतीजों के बाद से ही उसके तेवर ढीले हैं। अब वो घटक दलों के साथ सहयोग और साथ चलने की कसमें खा रही है, लेकिन उसके रवैये से घटक दल चौकन्ने हैं। वो कांग्रेस के साथ चलना चाहते हैं लेकिन अपनी शर्तों के आधार पर। चूंकि गठबंधन में शामिल हर दल का नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मानता है, ऐसे में संयोजक व पीएम के चेहरे पर अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है।

खरगे के नाम का समर्थन करने का सीधा मतलब है राहुल के नाम और चेहरे को खारिज करना। कांग्रेस भी सारी कहानी को बखूबी समझ रही है। लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद उसमें उतना दम नहीं बचा कि वो गठबंधन में शामिल दलों पर प्रेशर बना सके। चूंकि कांग्रेस का मतलब गांधी परिवार ही है तो ऐसे में गठबंधन के दलों ने खरगे का नाम का प्रस्ताव करके सीधेतौर पर गांधी परिवार को ही खारिज किया है। रही बात सीट शेयरिंग की तो वो बड़ा पेचीदा मसला है। यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में क्रमशः 80, 40, 42, 13 और 7 कुल मिलाकर 182 संसदीय सीटें आती हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड, पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव है। सपा और तृणमूल कांग्रेस अपने राज्यों में कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं हैं। क्षेत्रीय दल अपने प्रभाव क्षेत्र में किसी दूसरे दल पांव पसारने का मौका नहीं देना चाहते हैं। कर्नाटक और तेलंगाना में मुस्लिम वोटरों के कांग्रेस के प्रति झुकाव को देखते हुए ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव काफी चौकन्ने हो गए हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि गठबंधन की चौथी बैठक में राहुल गांधी को लेकर इंडि गठबंधन की असहजता अब खुलकर सामने आने लगी है। इंडिया गठबंधन के भीतर यह बात बेहद चर्चा में है कि राहुल गांधी की वजह से मुद्दों में भटकाव होता है और बीजेपी को फायदा पहुंचता है। हालिया विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता को मुफ्त योजनाओं का लालच दिया, जाति जनगणना का वादा किया, अदानी का मुद्दा उठाया, सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला किया, लेकिन हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस को सफलता नहीं मिली।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित

दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए। - *मोरारी बापू*

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित

प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रकृति का संरक्षण जरूरी

हमें प्रकृति के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। हम जिस थाली में खाएं उसी में छेद करना शुरू कर दें तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी तो और क्या होगा? प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से जीने के लिए सब कुछ देती है, लेकिन हम नासमझी बरतते हुए इसे ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। अफसोस की बात है कि जिस प्रकृति ने इनसान को जीने के लिए निस्वार्थ भाव से इतना कुछ दिया है, आज इनसान ने उसी प्रकृति की नाक में दम अपने स्वार्थ के लिए कर दिया है। प्रकृति से खिलवाड़ के कारण आज धरती पर हर तरह का प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जो कि प्राणी जाति को पतन की ओर ले जाने का काम कर रहा है। अभी भी वक्त है कि इनसान को प्रकृति से छेड़छाड़ बंद कर देनी चाहिए। *- महेश जोशी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### पहचान चुनने का अधिकार

वह कह रहे हैं कि भारत में प्रत्येक जाति को अपनी राष्ट्रीय पहचान चुनने का अधिकार है। कांग्रेस और यह लोग बाबासाहेब अंबेडकर और सरदार पटेल के मेहनत और सपने को ध्वस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। देश की जनता उन्हें भारत के टुकड़े-टुकड़े नहीं करने देगी।

**-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

### प्रचार किया जाना दुःखद

करोड़ों परिवार उजाड़ने वाली शराब का 'राजस्व वृद्धि' के लिए प्रचार किया जाना दुखद है। इसका असर शराबी से अधिक परिवार पर पड़ता है, महिलाओं व बच्चों पर पड़ता है। सरकार के पास राजस्व बढ़ाने के लिए इससे बेहतर विकल्प नहीं है?

**-वरुण गांधी, भाजपा नेता**

### बिना राजनीति के लोकतंत्र

राजनीति लोकतंत्र के बिना चल सकती है। सऊदी अरब में भी चलती है। पाकिस्तान में भी लंबे समय तक चली है। सब जगह राजनीति हो रही है, लेकिन क्या लोकतंत्र कहीं भी बिना राजनीति के चल सकता है?

**-योगेंद्र यादव, स्वराज इंडिया संस्थापक**

### बहुत प्रेम दिया

डंकी के साथ दुबई में कुछ दिन बहुत अच्छे बीते। लंदन में भी लोगों ने बहुत प्रेम दिया। हर तरफ डंकी के बारे में जानने की जिज्ञासा है। लगातार कई दिनों तक बाहर रहने के बाद अब घर वापस आ रहे है, थोड़ा ड्राइव भी करें, इसलिए यदि आप सभी के पास समय है तो आइए चर्चा कर लें।

**-शाहरुख खान, अभिनेता**

## करंट अफेयर

### किम जोंग ने फिर दी परमाणु मिसाइल परीक्षण की धमकी

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण में शामिल सैनिकों की प्रशंसा की और कहा कि देश की यह नीति है कि दुश्मन देशों द्वारा उकसाए जाने पर परमाणु हमला करने में हिचकिचाया नहीं जाएगा। उत्तर कोरिया में पिछले वर्ष से परमाणु हथियारों के परीक्षण में तेजी आई है और देश के नेता किम जोंग उन कई बार परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की धमकी दे चुके हैं। हालांकि, कई विदेशी विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी तक सक्षम परमाणु मिसाइलें हासिल नहीं हुई हैं। उत्तर कोरिया ने सोमवार को पांच महीनों में अपना पहला अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में अमेरिका-दक्षिण कोरियाई बैठक का हवाला दिया। 'उत्तर कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि किम ने बुधवार को 'जनरल मिसाइल ब्यूरो' में सैनिकों से मुलाकात की और उन्हें ठोस ईंधन वाली 'ह्वासोंग-18' मिसाइल के प्रक्षेपण पर बधाई दी। केसीएनए के मुताबिक, बैठक के दौरान किम ने कहा कि 'अगर दुश्मन परमाणु हथियारों से उसे उकसाता है तो वह परमाणु हमले से नहीं हिचकिचाएगा।'



## ऑफ बीट

### क्या इंसानों के जीवित नहीं रहने का कारण डायनासोर

सभी इंसानों की उम्र बढ़ती है। यह हमारे जीव विज्ञान का हिस्सा है और हमारे जीवनकाल को 120 वर्ष से थोड़ा अधिक तक सीमित करता है। सभी जानवर अपने जीवन के दौरान उम्र बढ़ने का अनुभव नहीं करते हैं। कुछ जानवरों का शरीर हमारे शरीर की तरह उम्र बढ़ने के साथ-साथ धीरे-धीरे ख़राब नहीं होता है। लेकिन मनुष्य जब 30 वर्ष की आयु तक पहुँचते हैं तो उनके मरने की संभावना लगभग हर आठ साल में दोगुनी हो जाती है। इसलिए भले ही आप शतायु होने के लिए पर्याप्त भाग्यशाली हों, हर साल आपके मरने की संभावना अधिक होगी। यह उच्च मृत्यु दर कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दर्शाती है, जैसे मांसपेशियों की हानि और सामान्य कमजोरी, संज्ञानात्मक गिरावट, दृष्टि और श्रवण की हानि और कई अन्य अपक्षयी परिवर्तन जो मानव उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को दर्शाते हैं। और मनुष्य की उम्र इतनी अधिक होने का कारण यह तथ्य हो सकता है कि हमारे पूर्वज डायनासोर के समय में विकसित हुए थे। अन्य स्तनधारियों की तुलना में मनुष्य का जीवन लंबा होता है। सभी भूमि-आधारित स्तनधारियों की तुलना में हमारा जीवनकाल सबसे लंबा है, और सभी स्तनधारियों में से केवल व्हेल ही संभवत: हमसे अधिक जीवित रहती हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### नई रायल्टी पर्ची जारी नहीं कर रहे

सेंट्रल एनजीटी की गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है। नई रायल्टी पर्ची जारी नहीं की जा रही है। सेंट्रल एनजीटी से अनुमति मिलने के बाद ही खदानों में खनन के लिए रायल्टी पर्ची जारी की जाएगी। अवैध रूप से खनन करने व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

- डा. सर्वेश्वर भुरे, कलेक्टर रायपुर

### एक नवंबर से खनन पर रोक का आदेश

सेंट्रल एनजीटी भोपाल ब्रांच के आदेश के अनुसार एक नवंबर से प्रदेश में संचालित खदानों पर बैन लगाया गया है, वहीं सूत्रों के अनुसार बैन लगाने से पहले सेंट्रल एनजीटी ने इस संबंध में करीब 6 माह पूर्व नई गाइड लाइन जारी की थी। इसमें बताया गया था कि 2017 के पहले ऐसे गौण खनिज खदानों को जिले की डिस्ट्रिक्ट इन्वायरमेंट इम्पैक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी से पर्यावरणीय स्वीकृति जारी कर दी गई थी और खदानों को चालू करने शेष पेज 2 पर



# छग की 1500 खदानें बंद

**खदानों पर उत्खनन के लिए अब सेंट्रल एनजीटी से अनुमति लेना अनिवार्य**

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में रेत और गिट्टी के खनन पर बैन लगा हुआ है। यह बैन नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की भोपाल ब्रांच (एनजीटी) ने लगाया है, क्योंकि राज्य के सभी जिलों में अब तक सेंट्रल एनजीटी की अनुमति के बिना ही खदानों को रायल्टी पर्ची पर दी जा रही थी। इसके लिए जिला क्षेत्रीय पर्यावरण विभाग के अधिकारियों से अनुमति ली जाती थी, लेकिन अब शेष पेज 2 पर

## रेत और गिट्टी के दामों में 5000 तक इजाफा, अवैध कारोबार भी

### रेत 12 हजार से सीधे 17-18 हजार रुपए हाईवा हुई

रायपुर जिले में खदानों पर खनन की लगी रोक के बाद रेत के कीमत में भारी उछाल आया है। 12 हजार रुपए हाईवा गाड़ी अब 17-18 हजार रुपए में मिल रही है। इस तरह फीट में 5-6 शेष पेज 2 पर

### लगे बैन का खनिज माफिया उठा रहे फायदा

खदानों पर खनन पर लगे बैन का खनिज माफिया जमकर फायदा उठा रहे हैं। रायपुर जिले में 20 दिन में 37 गाड़ियों को पकड़ा गया है। इसमें रेत और गिट्टी से भरी करीब 33 गाड़ियां शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### 351 करोड़ कैश, तीन करोड़ के आभूषण जब्त



**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने हाल में ओडिशा की एक शराब कंपनी में तलाशी अभियान के बाद 351 करोड़ रुपए से अधिक की बेहिसाबी नकदी और 2.80 करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण जब्त किये। सीबीडीटी ने किसी का नाम लिए बिना एक बयान में कहा कि समूह का व्यवसाय रांची स्थित एक परिवार द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

### जैकलीन की याचिका पर ईडी को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने ईडी से अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका पर जवाब मांगा है। इसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के धन शोधन मामले में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया है।

### एक घंटे तक बाधित रही 'एक्स' की सेवाएं



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक घंटे से अधिक समय तक सेवा बाधित रही जिससे उपयोगकर्ताओं ने मंच पर पोस्ट न देख पाने की शिकायत की। एक्स पर सेवाएं कुछ समय बाद बहाल हो गईं और पोस्ट दिखने लगीं, लेकिन कुछ उपयोगकर्ताओं ने बताया कि वे हाल के पोस्ट को नहीं देख पा रहे हैं।

### ढाई लाख की रिश्वत लेते डाक अफसर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक कर्मचारी का निलंबन रद्द करने के लिए उससे ढाई लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में आंध्र प्रदेश में डाकघर के एक वरिष्ठ अधीक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी बालासुब्रमण्यम ने शिकायतकर्ता का निलंबन रद्द करने के एवज़ में शुरू में 10 लाख रुपये मांगे थे।

## कश्मीर के पुंछ में घात लगाकर बैठे थे आतंकवादी

# सेना की दो गाड़ियों पर आतंकी हमला पांच जवान शहीद, भीषण गोलीबारी

एजेंसी ▶▶ पुंछ/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शहीद हुए पांच सैनिकों में दो के शव क्षत-विक्षत थे। अधिकारियों ने बताया कि सैन्यकर्मियों को एक घेराबंदी और तलाशी अभियान स्थल पर ले जा रहे वाहनों पर सुरनकोट थाना के अंतर्गत आने वाले ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर अपराह्न करीब पौने चार बजे हमला किया गया।

जम्मू-कश्मीर के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों - गुलाम नबी आजाद और महबूबा मुफ्ती ने हमले की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा की शाखा पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट ने घात लगाकर किए गए इस हमले की जिम्मेदारी ली है। लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में 'पुख्ता खुफिया जानकारी' के आधार पर पुंछ जिले के ढेरा की गली इलाके में बुधवार रात एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि ये जवान घटनास्थल की ओर बढ़ रहे थे, तभी आतंकवादियों ने दो वाहनों एक ट्रक और एक जिप्सी पर गोलीबारी कर दी।

- पुंछ जिले में एक महीने के भीतर दूसरा आतंकी हमला
- हमले में दो जवान घायल हुए रात तक चली गोलीबारी

*जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक बार फिर आतंकियों ने घात लगाकर सेना की एक ट्रक पर हमला किया है। राजौरी सेक्टर के थानामंडी इलाके में दो सैन्य वाहनों पर हुए आतंकवादी हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए हैं जबकि दो अन्य घायल हो गए। एक महीने के भीतर पुंछ जिले में यह दूसरा आतंकी हमला है।*



### 18 साल से फरार आतंकी गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आत्मसमर्पण करने वाले एक आतंकवादी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जो पिछले 18 वर्षों से फरार था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, परवेज अहमद उर्फ हारिस नाम के आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादी को किश्तवाड़ में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया।

### पूर्व डीजीपी बोले- पाकिस्तान ने योजनाबद्ध हमला करवाया

जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने कहा- आर्मी व्हीकल पर हमला पाकिस्तान की तरफ से योजनाबद्ध तरीके से किया गया। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद जो सकारात्मक बदलाव हुए हैं, आतंकी इस नैरेटिव को बदलना चाहते हैं।

### राजौरी में शहीद हुए थे दो सैनिक

बता दें पिछले महीने राजौरी के कालाकोट में सेना के विशेष बलों और आतंकवादियों की मुठभेड़ हुई। इस दौरान सेना के दो सैनिक शहीद हो गए थे। इस साल अप्रैल और मई में राजौरी-पुंछ क्षेत्र में दोहरे हमलों में 10 सैनिक शहीद गए थे।

### पुराने मोर्टार का गोला दो हथगोले बरामद

जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले राजौरी में एक राजमार्ग के निर्माण कार्य के दौरान एक पुराने मोर्टार का गोला और दो हथगोले बरामद किए गए। चिंगस में राजमार्ग के लिए खुदाई कार्य के दौरान निर्माण कंपनी को एक पुराना जंग लगा हुआ मोर्टार का गोला और दो ग्रेनेड मिले।



### एक दिन पहले पुलिस कैंप में हुआ था ब्लास्ट

पुंछ के सुरनकोट इलाके में 19-20 दिसंबर की दरम्यानी रात एक पुलिस शिविर में ब्लास्ट हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार (20 जनवरी) को इस घटना की जानकारी दी। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि पुलिस कैंप में खड़े कई वाहनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

## बृजभूषण के करीबी महासंघ के अध्यक्ष, रोते हुए साक्षी ने छोड़ी कुश्ती, मेज पर रखे जूते



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद पर आसान जीत दर्ज करने में सफल रहे। संजय सिंह यूपी कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष रहे हैं, उनके पैनल ने 15 में से 13 पद पर जीत दर्ज की। चुनावों के नतीजों ने प्रदर्शनकारी पहलवानों को काफी निराश किया और ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने खेल से संन्यास ले लिया। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने गुरुवार को शेष पेज 2 पर

- डब्लूएफआई के नए अध्यक्ष बने बृजभूषण के विश्वास पात्र संजय सिंह

### बृजभूषण के करीबी, संघ से भी जुड़े

उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय को 40 जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी और राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण को सिर्फ सात मत मिले। आरएसएस से जुड़े संजय वाराणसी के रहने वाले हैं और बृजभूषण के बहुत करीबी सहयोगी हैं। निवर्तमान प्रमुख की खेल में जबरदस्त रुचि को देखते हुए यह उम्मीद है कि संजय नीतिगत निर्णयों में उनसे सलाह लेंगे।

### विनेश रोते हुए बोलीं- कुश्ती का भविष्य अंधकार में है

साक्षी मलिक के कुश्ती से संन्यास के ऐलान के बाद विनेश फोगाट भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, 'यह वास्तव में दुखद है। हमने लड़ने की कोशिश की, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके। मुझे नहीं पता कि न्याय कैसे मिलेगा, हमने न्याय के लिए आवाज उठाने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचने की कोशिश की। मैं युवा एथलीटों से कहना चाहती हूं कि अन्याय का सामना करने के लिए तैयार रहें।

**जिनोम सिक्वेसिंग टेस्ट होगा**

## छग में कोरोना की दस्तक मिला पहला मरीज

- 136 सैंपल के बाद आरटीपीसीआर टेस्ट में मिला पाजिटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

देश के दूसरे प्रदेशों के साथ छत्तीसगढ़ में भी कोरोना ने फिर दस्तक दे दी है, आरटीपीसीआर टेस्टिंग के दौरान तालापारा निवासी एक मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव आई है, उसे सर्दी और खांसी की शिकायत थी, जिस पर डाक्टरों ने उसे टेस्ट कराने की नसीहत दी थी। इस मरीज की रिपोर्ट जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजी शेष पेज 2 पर

### 7 जून को मिले थे दो पाजिटिव

इस साल जून में भी कोरोना के पाजिटिव पाए गए थे, इस दौरान कोरोना के लगातार मरीज मिल रहे थे, लेकिन कोरोना संक्रमित नहीं था लेकिन देश के बाद जहां कोरोना के नए वेरियंट जेएन 1 के दस्तक के शेष पेज 2 पर

**चेक गणराज्य में हमला**

## प्राग की यूनिवर्सिटी में गोलीबारी, 15 की मौत



**प्राग।** चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में बृहस्पतिवार को एक हथियारबंद व्यक्ति ने विश्वविद्यालय की इमारत में गोलीबारी की, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। प्राग पुलिस प्रमुख मार्टिन वोंद्रासेक ने कहा कि गोलीबारी चार्ल्स विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की इमारत में हुई और हमलावर एक छात्र था। हमलावर का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है।

### मारा गया हमलावर

चेक के आंतरिक मंत्री विट राकुसन ने चेक गणराज्य के सरकारी टेलीविजन को बताया कि गोलीबारी करने वाला व्यक्ति मारा गया है। राकुसन ने कहा कि घटनास्थल पर कोई अन्य हमलावर नहीं मिला।

**सोडे गांव स्थित 'आश्रम शाला'**

## भोजन के बाद 109 छात्राएं बीमार, अस्पताल में भर्ती

- दो अस्पताल में छात्राओं का चल रहा इलाज, परीक्षण के लिए भेजे पानी-खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के एक मामले में 100 से अधिक छात्राएं अपने आवासीय विद्यालय में दोपहर का भोजन करने के बाद बीमार पड़ गईं जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि यह घटना धनोरा तालुका के सोडे गांव स्थित एक 'आश्रम शाला' (आदिवासी बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय) में हुई।

### आश्रम विद्यालय में 350 छात्राएं

सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद खंडाते ने कहा कि वे सभी छात्रायें अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि इस आश्रम विद्यालय में 350 से अधिक छात्राएं पढ़ती हैं। उन्होंने बताया कि भोजन एवं पानी के नमूने परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए हैं।

## रिटायर डीएसपी का बेटा हिरासत में, सैलून मालिक से पूछताछ

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

दिल्ली पुलिस ने संसद भवन की सुरक्षा में चूक के मामले में एक सेवानिवृत्त डीएसपी के बेटे को कर्नाटक के बागलकोट से हिरासत में लिया, जबकि मैसुरु में एक सैलून मालिक से पूछताछ की गई। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पेशे से इंजीनियर और सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के बेटे साईकृष्ण जगली को बुधवार रात जिला मुख्यालय बागलकोट के विद्यागिरी स्थित उसके घर से पकड़ा गया। जगली बेंगलुरु में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करता है और मैसूरु निवासी मनोरंजन डी का दोस्त बताया जाता है। मनोरंजन घुसपैठ करने वाले दो घुसपैठियों में से एक था।

**संसद सुरक्षा में चूक**



### आरोपियों की पुलिस हिरासत 5 जनवरी तक

दिल्ली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों की पुलिस हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को पांच जनवरी तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने शहर पुलिस की ओर से दाखिल एक अर्जी पर आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे और नीलम देवी की हिरासत 15 दिन तक बढ़ा दी।




**क्लोफेनिरामिन मैलिएट और फिनाइलेफ्रिन पर पाबंदी**

## चार साल से छोटे बच्चों को न दें सिरप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

डीसीजीआई ने 4 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए क्लोरफेनिरामाइन मैलेट और फिनाइलफ्राइन के सर्दी-रोधी कॉकटेल के उपयोग पर वार्निंग जारी की है। कप सिरप दवा नियामक एजेंसी ने चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए एंटी-कोल्ड ड्रग कॉम्बिनेशन के यूज पर बैन लगाया है। साथ ही आदेश जारी करते हुए कहा है कि दवाओं की लेबलिंग भी उसी के मुताबिक की जानी चाहिए। दरअसल, कप सिरप में क्लोरफेनिरामाइन मैलेट और फिनाइलफ्राइन शामिल हैं। जिसका उपयोग ज्यादातर सामान्य सर्दी के लक्षणों के इलाज के लिए सिरप या गोलियों में किया जाता है।



### 141 बच्चों की हो चुकी है मौत

यह आदेश 2019 के बाद से कई बच्चों की मौत के बाद आया है, जिसे देश में बने जहरीले कफ सिरप से जोड़कर माना जा रहा है। पिछले साल गाम्बिया, उज्बेकिस्तान और कैमरून में जहरीले कफ सिरप से कम से कम 141 मौत हो गई थीं। ऐसे में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने दवाओं के नए प्रतिबंध जारी किए। आदेश 18 दिसंबर को जारी किया गया और जबकि बुधवार को सार्वजनिक किया गया।

### एक्सपर्ट व्यू

इस मामले पर दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. धीरेन गुप्ता ने एएनआई को बताया, 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए क्लोरफेनिरामाइन मैलेट + फिनाइलफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड की सिफारिश नहीं की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि 2 से 4 साल तक सावधानीपूर्वक उपयोग। भले ही निर्धारित किया गया हो न्यूनतम अवधि और न्यूनतम खुराक के लिए होना चाहिए। साइड इफेक्ट के रूप में बेहोश करने की क्रिया के बारे में सावधान रहें।



## जैकेट के शेष

### बृजमोहन, रामविचार, ओपी .....

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ दो डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति में साइंस कॉलेज मैदान पर शपथ ली। इसी दिन मंत्रिमंडल के भी सदस्यों का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम था, लेकिन इसको टाल दिया गया। इसके बाद से ही लगातार मंत्रिमंडल को लेकर कश्मकश चल रही है।

### 9 में सबसे ज्यादा पांच ....

जातिगत समीकरण को भी महत्व दिया गया है। अभी जो 9 मंत्री बनाए जा रहे हैं। इसमें ओबीसी वर्ग से ओपी चौधरी, लखन देवांगन, टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल और लक्ष्मी राजवाड़े हैं। आदिवासी वर्ग से केदार कश्यप और रामविचार नेताम हैं। एससी वर्ग के एक दयालदास बघेल हैं। एक सामान्य वर्ग से बृजमोहन अग्रवाल हैं।

### बकाया बोनस के ....

पूरा करने को प्रतिबद्ध हैं। युवाओं के पालक, बहनों के भाई और बुजुर्गों के पुत्र के रूप में काम करूंगा

उन्होंने कहा, 10 वर्ष की उम्र में ही मेरे पिता का साया मेरे सर पर से उठ गया था, लेकिन मैं छत्तीसगढ़ के हर नागरिक की बेहतरी के लिए अपना सर्वस्व समर्पण करने से भी पीछे नहीं रहूंगा। उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया कि आपके पालक के रूप में काम करूंगा। बहनों के भाई और बुजुर्गों के पुत्र के रूप में काम करूंगा।

### कांग्रेस सरकार को .....

पड़ा। गरीबों को आवास बनाने केवल एक किस्त दिए, बाकी नहीं दिए। गरीबों की हाय आपको लगी, इसीलिए उधर बैठे हैं। मोदी की गारंटी में राज्य के लगभग 18 लाख ग्रामीण परिवारों को पक्का आवास देने की गारंटी है, इसलिए हमारी सरकार इसकी व्यवस्था कर रही है। 3 हजार 7 सौ 99 करोड़ का प्रावधान ग्रामीण आवासों के लिए हमने इस अनुपूरक बजट में किया है।

### भूपेश ने पूछा - बोनस .....

लाभ कैसे देंगे। क्या प्रतिबंध हटाने का आदेश हो चुका है। उन्होंने पूछा, यदि आपने धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये किया है, तो आप बताएं कि 3100 रुपये में धान खरीदी कब से शुरू होगी। उन्होंने महतारी वंदन योजना और रसोई गैस सब्सिडी को लेकर भी सवाल उठाए। कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाएं जारी रहेगी या बंद कर दी जाएगी, सरकार इस पर भी स्पष्ट जवाब दे।

### 20 बरस बाद भाजपा .....

सीएम बना दिया गया है। ऐसे में उनके स्थान पर दूसरा प्रदेशाध्यक्ष बनाने की कवायद चल रही थी। कुछ दिन पहले ही नए अध्यक्ष को लेकर दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और पवन साय का मंथन हुआ था। संभावना इस बात की ज्यादा थी कि कैबिनेट के विस्तार के बाद प्रदेशाध्यक्ष बदला जाएगा, लेकिन कैबिनेट के विस्तार से पहले ही प्रदेशाध्यक्ष को बदल दिया गया है।

**अब तक के अध्यक्ष** : छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहला अध्यक्ष ताराचंद साहू को बनाया गया था। वे 1 नवंबर 2000 से 5 अगस्त 2002 तक अध्यक्ष रहे। इसके बाद डॉ. रमन सिंह को 5 अगस्त 2002 से 2003 तक अध्यक्ष बनाया गया। उनके नेतृत्व में विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद उनको मुख्यमंत्री बनाया गया। इसके बाद नंदकुमार साय को अध्यक्ष बनाया गया। श्री साय 2005 तक अध्यक्ष रहे। उनके स्थान पर 2005 में शिव प्रताप सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। वे 31 अक्टूबर 2006 तक अध्यक्ष रहे। 31 अक्टूबर 2006 को पहली बार विष्णुदेव साय को अध्यक्ष बनाया गया। वे 11 मई 2010 तक अध्यक्ष रहे। 11 मई 2010 से 21 जनवरी 2014 तक रामसेवक पैकरा अध्यक्ष रहे। 21 जनवरी 2014 से 16 अगस्त 2014 तक विष्णुदेव साय फिर अध्यक्ष रहे। 16 अगस्त 2014 से 8 मार्च 2019 तक धरमलाल कौशिक अध्यक्ष रहे। 8 मार्च 2019 से 2 जून 2020 तक विक्रम उसेंडी रहे। 2 जून 2020 से 9 अगस्त 2022 तक विष्णुदेव साय अध्यक्ष रहे। 9 अगस्त 2022 से 21 दिसंबर तक अरुण साव अध्यक्ष रहे। अब 21 दिसंबर को किरण सिंह देव को अध्यक्ष बनाया गया है।

### केंद्र और प्रदेश सरकार की .....

से नरेन्द्र मोदी देश की बागडोर संभाल कर फिर से देश को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। हर कार्यकर्ता कड़ी मेहनत के साथ यह संकल्प ले चुका है कि प्रदेश के बाद अब देश में भारी बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा ने वायदे के मुताबिक प्रधानमंत्री की घोषणाओं का पालन करना शुरू कर दिए हैं। जिसमें 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने समेत प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी का आदेश हो चुका है। अन्य योजनाओं का भी तेजी से लाभ जनता को दिलाने सरकार और संगठन मिलकर कार्य करेंगे।

## पेज एक के शेष

### छग की 1500 खदानें...

ऐसा नहीं होगा। सेंट्रल एनजीटी ने अब ऐसे सभी राज्यों में जहां सेंट्रल एनजीटी की अनुमति के बिना रेत और गिट्टी की खदानों में उत्खनन का काम चल रहा था, उन सभी पर बैन लगा दिया है, जिससे प्रदेशभर की खदानों पर वैध रूप से उत्खनन का काम पूरी तरह से बंद है। खदानों में खनन का काम बंद होने से इसका असर अब रेत और गिट्टी की कीमतों पर पड़ने लगा है, जिससे रेत की कीमत फीट में 5-6 रुपए एवं गिट्टी में 3-4 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। दोनों की कीमत बढ़ने से इसका असर अब मकान, भवन, फ्लैट्स सहित अन्य भवन निर्माण कार्यों पर भी पड़ने लगा है। एनजीटी की नई गाइड लाइन के बाद प्रदेशभर में 15 सौ से ज्यादा खदानों में खनन पर रोक लगाई गई है। इन खदानों में वैध रूप से से तो नहीं, लेकिन कई खदानों पर अभी भी अवैध रूप से खनन किया जा रहा है, जिससे प्रदेशभर में रेत और गिट्टी का अवैध कारोबार चल रहा है।

### एक नवंबर से खनन...

का आदेश दे दिया गया था, जबकि पूर्व में जारी आदेश में कहा गया था कि डीआ से स्वीकृति लेने के लिए स्टेट इन्वायरमेंट इम्पैक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी (सीआ) से अनुमति लेना अनिवार्य है। खनन के लिए केवल डीआ से मिली अनुमति मान्य नहीं है। इसके आधार पर खनन नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद राज्य में सेंट्रल एनजीटी की गाइड लाइन को गंभीरता से नहीं लिया गया और अनुमति लिए बिना ही कई खदानों का टेंडर निकालकर उन्हें अनुमति दे दी गई है। इसे देखते हुए सेंट्रल एनजीटी ने एक नवंबर से सभी खदानों पर खनन पर रोक लगा दी है।

### रेत 12 हजार से सीधे...

रुपए की बढ़ोतरी हुई है। रेत के साथ गिट्टी में भी 3-4 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिससे 19 हजार हाईवा गिट्टी की कीमत 22-23 हजार रुपए हो गई है।

### लगे बैन का खनिज...

हैं। इससे पता चलता है कि जिले की खदानों में अवैध रूप से खनन का काम धड़ल्ले से चल रहा है। इस तरह अवैध कारोबार से जुड़े माफिया खनिजों को बेचकर हर रोज मोटी रकम कमा रहे हैं।

### बृजभूषण के करीबी...

बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह की भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद के चुनाव में जीत का विरोध करते हुए फूट फूटकर रोते हुए कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की। साक्षी मलिक ने रोते हुए ने कहा, हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। बूढ़ी महिलाएं आईं। ऐसे लोग भी आए, जिनके पास खाने-कमाने के लिए नहीं है। हम नहीं जीत पाए, लेकिन आप सभी का धन्यवाद।

### छग में कोरोना की...

जाएगी। नए वैरियंट के खतरे के बीच कोरोना एकबार फिर डराने लगा है, प्रदेश में इसकी शुरूआत बिलासपुर हुई है, कोरोना का नया मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। इस शीतकालीन सीजन में कोरोना का यह पहला मरीज है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार कोरोना के अलर्ट के बाद गुरूवार को 136 लोगों के कोरोना टेस्ट किए गए थे, जिसमें 123 रेपिड एटीजन, 6 आरटीपीसीआर टेस्ट शामिल हैं। इसमें 1 आरटीपीसीआर टेस्ट में कोरोना के वायरस की पुष्टि हो चुकी है। बताया जा रहा है कि जिस मरीज का आरटीपीसीआर टेस्ट कराया गया है, वह तालापारा क्षेत्र का रहने वाला है। मरीज की टूर हिस्ट्री मुंबई की बताई जा रही है, मरीज युवा है और कई दिनों से बीमार था, जिसका इलाज सिम्स में चल रहा था, लेकिन बुधवार को डाक्टरों ने उसे कोरोना का टेस्ट करने की हिदायत दी थी, युवक की एंटीजन और आरटीपीसीआर दोनों की टेस्ट पाजिटिव पाई गई है। युवक में मिले कोरोना के वायरस की जांच करने सैंपल रायपुर भेजा जाएगा, जिसके बाद ही वैरियंट पता चल सकेगा।

**आइसोलेट किया गया है मरीज** : स्वास्थ्य विभाग ने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों को कोरोना का टेस्ट करने का आदेश दिया है, गुरूवार को एक व्यक्ति की रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है। उसे आइसोलेट कर दिया गया है। लोगों को ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचना चाहिए, वहीं मास्क का उपयोग करने से जल्द ही संक्रमण को रोका जा सकता है।

**- डॉ राजेश शुक्ला**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### 7 जून को मिले...

बाद सभी राज्यों को अलर्ट किया गया है, ऐसे में यह कहा जा रहा है कि जेएन1 से संक्रमित हो सकता है, लेकिन डाक्टर और स्वास्थ्य अधिकारी अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

# निलंबित सांसदों का मार्च, बोले- हमने नहीं मोदी और शाह ने किया संसद का अपमान




इंडिया गठबंधन के इन नेताओं ने जमकर किया विरोध प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने 140 से अधिक सांसदों के निलंबन के खिलाफ गुरुवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। मार्च से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि संसद में सदन के जो मुखिया हैं, वे भी नहीं चाहते कि सदन चले। मैं माफी चाहता हूं कि राज्यसभा चेयरमैन साहब ने जो मुद्दा उठाकर इसे जातिवाद पर ले आए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में बात करना हमारा हक है। आज हम जो ये विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, वह सरकार के खिलाफ आंदोलन है। लोगों की भावनाओं को संसद में बताना हमारा कर्तव्य है। लेकिन यहां पर जो घटना घटी लोकसभा में। उसी मुद्दे को अब लोकसभा और राज्यसभा में उठाना चाहते थे कि सुरक्षा में सेंध कैसे लगी। लेकिन शाह साहब ही नहीं आए और प्रधानमंत्री मोदी भी नहीं आए। तो सदन में बताने वाली चीजें छोड़कर पीएम वाराणसी, अहमदाबाद और रेडियो-टीवी पर बात करते हैं, लेकिन सदन में बात नहीं करते हैं।

## दिल्ली सहित देशभर में भाजपा ने किया प्रदर्शन



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की 'नकल' उतारने के खिलाफ भाजपा ने देशभर में गुरुवार को प्रदर्शन किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली प्रदेश इकाई ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति धनखड़ की 'नकल' उतारने के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर बृहस्पतिवार को प्रदर्शन किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्ष से माफी की मांग की। कई प्रदर्शनकारियों ने अपने माथे पर काली पट्टियां बांध रखी थीं। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वालों में भाजपा सांसद मनोज तिवारी और प्रवेश वर्मा भी शामिल थे। सांसदों के निलंबन के खिलाफ संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के प्रदर्शन के दौरान बनर्जी ने धनखड़ की उपहासपूर्ण ढंग से नकल उतारी थी।

### हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग से जारी नोटिस पर आठ सप्ताह में फैसला लेने कहा

# राहुल की मोदी पर 'जेबकतरे' वाली टिप्पणी उचित नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए की गई कथित ''जेबकतरे'' वाली टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जारी किये गये नोटिस पर आठ सप्ताह के भीतर निर्णय ले।

कांग्रेस नेता ने पिछले महीने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए 'जेबकतरे' और अन्य टिप्पणियां की थी। अदालत उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें गांधी के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ राजनीतिक नेताओं द्वारा इस तरह के ''कदाचार'' को रोकने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि कथित बयान ''उचित नहीं हैं'' और निर्वाचन आयोग (ईसी) मामले की जांच कर रहा है और यहां तक कि गांधी को नोटिस भी जारी किया गया है।

## राफेल-समुद्री लड़ाकू जेट के सौदे पर सहमति के लिए भारत आया फ्रांसीसी दल

**नई दिल्ली।** भारत सरकार फ्रांस से नौसेना के लिए राफेल जेट के नौसेना संस्करण के 26 विमान खरीद के क्रम में है। ये लड़ाकू जहाज आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर तैनात किए जाने हैं। भारत ने इस बारे में फ्रांस से वार्ता की थी। अब फ्रांस ने इस सौदे के लिए अपनी प्रतिक्रिया दी है। दोनों देशों के बीच अंतर-सरकारी फ्रेमवर्क के तहत यह सौदा किया जाएगा। रक्षा सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत के स्वीकृति पत्र के जवाब में फ्रांस ने नई दिल्ली में अपनी बिड (बोली) जमा की है। उन्होंने बताया कि दूसरे देशों में सैन्य बिक्री से संबंधित फ्रांसीसी सरकारी अधिकारियों की एक टीम भारतीय निविदा पर बोली लगाने के लिए पेरिस से आई है। भारतीय पक्ष भारतीय सौदे के लिए फ्रांसीसी बोली का विस्तृत अध्ययन करेगा, जिसमें वाणिज्यिक प्रस्ताव या विमान की कीमत के साथ-साथ अनुबंध के अन्य विवरण भी शामिल होंगे। इसके बाद भारत फ्रांसीसी सरकार के अधिकारियों से सौदे पर बातचीत करेगा। सूत्रों ने बताया कि जुलाई में रक्षा मंत्रालय ने राफेल के नौसेना संस्करण को खरीदने का फैसला किया था। करीबन एक महीने से अधिक समय पहले भारत ने फ्रांस की सरकार को औपचारिक रूप से अनुरोध पत्र भेजकर दसौ एविएशन से विमान खरीदने की सूचना दी थी। इस सौदे को लेकर अक्तूबर की शुरुआत में दसौ के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने नई दिल्ली का दौरा कर भारत की इस संभावित खरीद के बारे में विचार-विमर्श किया था।

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
कार्यालय:- कार्यपालन अभियंता ( सं . / सं. ) संभाग, छ.स्टे. पॉ.डि.कं. लिमि. कुरूद

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त संबंधित सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 132/33 के.व्ही. अतिउच्चदाब उपकेन्द्र कुरुद में रख-रखाव एवं आवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्नांकित तिथि में प्रातः 10:30 बजे से सायं 04:00 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

| क्रं. | रख-रखाव की तिथि | प्रभावित ग्राम / क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | 23.12.2023 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों कुरुद, कुहकुहा, कातलबोड़, गाड़ाडीह, सिरसिदा, नारी व सेलदीप से कृषिपंपों हेतु विद्युत प्रदाय की जाने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडरों संबंधित सभी कृषि पंप उपभोक्ता, 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र कुरुद से प्रदान की जाने वाली समस्त 33 के. व्ही. फीडरों के समस्त उच्चदाब कनेक्शन एवं 33 के.व्ही. ईसा पॉवर फीडर से संबंधित मेसर्स रुपगढ़ पॉवर एंड एलॉय प्रा. लि. (पॉवर जनरेशन प्लांट)। |

// आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है, असुविधा के लिए खेद है। //

सही / -
(जी. के. बंजारे)
कार्यपालन अभियंता ( सं / सं ) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. कुरूद

**कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग**

क्र./उ.वि./न.नि.भि./2023/561/398 भिलाई दिनांक 21/12/2023

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. एवं जारी दिनांक | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर निगम भिलाई अंतर्गत हेल्थी और हाईजीनिक फूड स्ट्रीट निर्माण कार्य। | 150139 19.12.2023 | 98.855 | 03.01.2024 |

निविदा हेतु शपथ पत्र एवं धरोहर राशि की एफ.डी.आर. स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज तथा कार्य हेतु दी जाने वाली दरें ऑनलाईन (Online) दी जावें। उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com, संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चीप्स की वेबसाईट के वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
उद्यान विभाग

**कार्यालय कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर एव पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

कांकेर, दिनांक 14/12/2023

क्रमांक / 202203141400004 / अ-82 / 2021-22, चुंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीच अनुसूची के कॉलम (1) से (5) हमें दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यक पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन, एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :-

-:: अनुसूची ::-

| भूमि का वर्णन | | | | | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/ प.ह.नं. | खसरा नंबर | रकबा (हे.में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| उत्तर बस्तर कांकेर | चारामा | तेलगरा / 19 | 158 | 0.10 | कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (भ./स.) चारामा | मेडिकल कालेज तेलगरा भवन तक आने-जाने के मार्ग क्रमांक 01 निर्माण कार्य हेतु |
| | | | 159 | 0.10 | | |
| योग | | | 2 | 0.20 | | |

2. यह भी सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथी के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक सामाघात निर्धारण के निष्कर्षो के बारे में अपना दावा / आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उप-धारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
3. भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / भू-अर्जन अधिकारी, चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के कार्यालय में किया जा सकता है।
4. प्रस्तावित भू-अर्जन में किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
5. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिये अधिनियम, 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर को पूनर्वास और पुनर्व्यस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
( डॉ. प्रियंका शुक्ला ), कलेक्टर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर एवं पदेन उप सचिव
छत्तीसगढ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
G -06509/1

**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं.: eT-TM-WAT-02-2023, दिनांक 18.12.2023

कार्य का नामः वाल्टियर मंडल में ट्रैक के समुचित रखरखाव के लिए कार्य कर रही BCM मशीनों हेतु विभिन्न मोटाई एवं आकार के वियर रेसिस्टेंस कॉन्टैक्ट प्लेटों तथा अन्य सामग्रियों का निर्माण, आपूर्ति एवं स्थापना।

कार्य की अनुमानित लागत: रु. 58,36,999.46, EMD: रु. 1,16,700.00, कार्य समापन की अवधि: 18 (अठारह) महीने।

निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 18.01.2024, 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ऊपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

टिप्पणीः प्रत्याशित निविदाताओं को इस निविदा के लिए जारी किए जाने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धिपत्र नोट करने के लिए निविदा बंद होने की तारीख से 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट पुनः देखने की सलाह दी जाती है।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-909/O/23-24

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**BTC-KGE सेक्शन में R.O.B के निर्माण हेतु ई-निविदा सूचना**

सीपीएम / जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. निविदा क्र.: सीपीएम-जीएसयू-17-एनजीपी -2023-24
कार्य का नाम: BTC-KGE सेक्शन में मानवयुक्त एल.सी. संख्या बीके-52, कि.मी. 1078/9-10 के स्थान पर सीमित विस्तार और सीमित चौड़ाई वाले आरओबी का निर्माण।
अनु. निविदा मूल्य: ₹ 17,44,78,745.77
बयाना राशि: ₹ 10,22,400.00

2. निविदा क्र.: सीपीएम-जीएसयू-18-एनजीपी -2023-24
कार्य का नाम: BTC-KGE सेक्शन में मानवयुक्त एल.सी. संख्या बीके-60, कि.मी. 1085/3-4 के स्थान पर सीमित विस्तार और सीमित चौड़ाई वाले आरओबी का निर्माण।
अनु. निविदा मूल्य: ₹ 15,09,91,043.93
बयाना राशि: ₹ 9,05,000.00

उपरोक्त निविदाओं के लिए, बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां निम्न तारीख अनुसार 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे:
निविदा अनुक्रमांक 1 - 08.01.2024.
निविदा अनुक्रमांक 2 - 09.01.2024.

मैन्युअल निविदाओं की अनुमति नहीं है वि ऐसे प्राप्त सभी मैन्युअल निविदा (ऑफर्स) अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य अभियंता - जीएसयू,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
AIM/42-194

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

क्रमांक/2560/201701200400016/अ-82/2016-17 कोंडागांव दिनांक, 23/08/2023

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची के खाने (1) से लेकर खाने (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा ) की धारा 11 की उप धारा-1 के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने ( 7 ) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध ने भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है।

अनुसूची

| भूमि का विवरण | | | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|
| ग्राम/प.ह.नं. | खसरा नंबर (हे.) | प्रभावित रकबा (हे.) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| विश्रामपुरी /03 | 367/3 क<br>367/2 ग<br>367/3 ख<br>367/2 घ | 0.056<br>0.040<br>0.153<br>0.052 | विश्रामपुरी-रावनागुड़ा मार्ग के कि.मी. 4/2 गरांजीडिही नाला पर सेतुमय पहुंच मार्ग निर्माण। |
| योग | 4 | 0.301 | |

(2) यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षो के बारे में अपना दावा / आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उप-धारा ( 1 ) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा। (3)भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर/अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी केशकाल, जिला - कोण्डागांव के कार्यालय में किया जा सकता है। (4) प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का आवास परियोजना क्षेत्र में आ जाने के कारण उनका विस्थापन किया जाना प्रस्तावित हैं। अथवा प्रस्तावित भू-अर्जन से 0 प्रभावित परिवारों का आवास परियोजना क्षेत्र में आ जाने के कारण उनका विस्थापन किया जाना प्रस्तावित हैं। (5) प्रस्तावित प्रयोजन के लिए भूमि अर्जन को छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिसूचना क्रं. एफ 4-28 / सात- 1/2014, दिनांक 02.03.2015 के द्वारा अधिनियम, 2013 के अध्याय "दो" एवं "तीन" के प्रावधानों छूट प्रदान की गई हैं। अथवा प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है। (6) प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केशकाल, जिला - कोण्डागांव को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(दीपक सोनी)
कलेक्टर जिला-कोंडागांव एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
G-06514/2

## शब्द पहेली - 5371



**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी -2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5370 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ती | म | खा | ना | ■ | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | ■ | हा | ■ | ना | ह | क | ■ | र | म |
| हा | ■ | ना | न | सें | स | ■ | र | मा | ■ | जा |
| नी | र | व | ता | ■ | सु | र | ■ | न | म | न |
| का | ■ | खे | ■ | अ | र | क्त | ■ | ■ | सी | ■ |
| र | वा | ना | हो | ना | ■ | पा | ल | न | हा | र |
| ■ | ह | ■ | ■ | चा | ह | त | ■ | का | ■ | च |
| का | न | न | ■ | र | म | ■ | ब | र | सा | ना |
| म | ■ | र | ज | ■ | स | का | र | ना | ■ | का |
| धा | र | ■ | खि | ला | फ | ■ | स | ■ | भो | र |
| म | स | ख | रा | ■ | र | म | ता | जो | गी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5381

सरल



MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 5380 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

रोचक / शिखर चंद जैन

क्रिसमस पर अपने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाने की परंपरा है। सिर्फ घरों में ही नहीं, बाहर भी बहुत ही भव्य रूप से क्रिसमस-ट्री सजाए जाते हैं, जो सबके आकर्षण का केंद्र होते हैं। यहां हम दुनिया के कुछ देशों में सजाए जाने वाले उन क्रिसमस-ट्री के बारे में बता रहे हैं, जो बहुत ही अजब-अनूठे हैं।

# अजब-अनूठे क्रिसमस ट्री



## लीगो ब्रिक्स क्रिसमस ट्री, ऑस्ट्रेलिया

**बच्चों,** लीगो के ब्लॉक यानी टुकड़ों को जोड़कर घर, ब्रिज, गाड़ियां या अन्य कई आकृतियां बनाई जाती हैं। तुमने भी कभी ना कभी लीगो के ब्लॉक जोड़कर तरह-तरह की आकृतियां बनाई होंगी। बच्चों, लीगो कंपनी भी हर साल इन्हीं ब्लॉक्स को जोड़कर विशाल आकार का एक क्रिसमस-ट्री बनाती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में कंपनी लगभग 13,000 लीगो ब्लॉक्स को जोड़कर 32 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाती है। इस ट्री को 35,000 रंग-बिरंगी एलईडी लाइटों से सजाया जाता है, जो देखने में बहुत ही मनमोहक लगता है। *

## मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस ट्री, अमेरिका



**अमेरिका में** मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस-ट्री लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। यह क्रिसमस-ट्री 67 फीट ऊंचा होता है। इसे मिशिगन राज्य के मस्कीगॉन में स्थित फ्रैंथल सेंटर में तैयार किया जाता है। इस क्रिसमस-ट्री की विशेषता यह है कि 15 तलों पर 275 वास्तविक गायक खड़े होकर 'डिंग डांग मेरीली ऑन हाई', 'आई हर्ड बेल्स ऑन क्रिसमस डे' जैसे मधुर गीत अपनी सुरीली आवाज में गाते हैं। इस क्रिसमस-ट्री को 25,000 रंग-बिरंगे मिनी बल्बों से भी सजाया जाता है। इसे देखना वाकई एक अनूठा अनुभव होता है। *

## पैकमैन क्रिसमस-ट्री, स्पेन



**स्पेन के** मैड्रिड शहर में एक अनूठा क्रिसमस-ट्री बनाया जाता है, जो दुनिया भर में चर्चित है। वीडियो गेम पसंद करने वाले बच्चे तो इसके दीवाने हैं, क्योंकि इस क्रिसमस-ट्री की बनावट जापान में 80 के दशक के लोकप्रिय आर्केड वीडियो गेम को समर्पित है, जिसे बाद में पैकमैन के नाम से जाना गया। पैकमैन क्रिसमस-ट्री का आकार एक विशाल त्रिभुज का होता है। मजे की बात पैकमैन क्रिसमस-ट्री के पास जाकर बच्चे पैकमैन वीडियो गेम को खेल भी सकते हैं। *

## लॉबस्टर ट्रैप क्रिसमस-ट्री, कनाडा



**कनाडा के** पूर्वी तटीय टाउन स्टॉनिंगटन में कुछ वर्षों से अनूठा क्रिसमस-ट्री तैयार किया जा रहा है। यहां क्रिसमस-ट्री लॉबस्टर्स (झींगा) के पिंजरानुमा ट्रैप्स से बनाया जाता है। फिर इस क्रिसमस-ट्री को रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री, रिबन और मिनी बल्बों से सजाया जाता है। इस विशालकाय क्रिसमस ट्री को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब इसकी नकल करके कनाडा में कई स्थानों पर ऐसे ही क्रिसमस ट्री बनाए जाने लगे हैं। *

## ड्रम क्रिसमस ट्री, अमेरिका



**अमेरिका के** न्यूयॉर्क सिटी के रोचेस्टर में एक कंपनी पिछले 10 वर्षों से 27 से 28 फीट ऊंचा शानदार क्रिसमस-ट्री का निर्माण करती है। कंपनी द्वारा निर्मित क्रिसमस-ट्री बहुत अनोखा होता है, क्योंकि यह ट्री खाली हो चुके ड्रमों से बनाया जाता है। ड्रमों से बना 12 तल्लों का यह ट्री पूरे न्यूयॉर्क शहर में सबसे अनूठा क्रिसमस-ट्री होता है। इस विशाल क्रिसमस-ट्री के निर्माण में करीब 550 ड्रमों का इस्तेमाल होता है। इस अनूठे क्रिसमस-ट्री को तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम और कलरफुल लाइट्स से सजाया भी जाता है। *

## साइकिल से बने क्रिसमस-ट्री



